# कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग
# राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जबलपुर

पत्र क्रं. 1169 /तक/43 विस्तार जबलपुर, दिनांक 16/06/2020

प्रति

कार्यालय वनमण्डल अधिकारी
सामान्य वनमण्डल कटनी
जिला – कटनी (म.प्र.)

विषयः रा0 रा0मार्ग क्र. 43(विस्तार) के किमी. 119+65 से किमी. 163+85 तक (चांदघाट जिला पन्ना से कटनी बायपास तक) उन्नयन एवं चौड़ीकरण हेतु वन–भूमि व्यपवर्तन करने बावत।

संदर्भः 1.आपका पत्र क्र./मा.चि./3024 कटनी, दिनांक 06/08/2019
2.आपका पत्र क्र./मा.चि./1743 कटनी, दिनांक 21/05/2020

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि **रा0 रा0मार्ग क्र. 43(विस्तार) किमी. 119+65 से किमी. 163+85 तक (चांदघाट जिला पन्ना से कटनी बायपास तक) उन्नयन एवं चौड़ीकरण** का निमार्ण कार्य किया जा रहा है, जिसमें 0.98 हे. वन भूमि को व्यपवर्तित किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु अधोहस्ताक्षर कार्यालय द्वारा वन विभाग की वेवसाईट परिवेश पर प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/ROAD/35242/2018 के द्वारा प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया था, जिस पर आपके द्वारा केएमएल फाईल में संसोधन एवं एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट के लिये संदर्भित पत्र कं. 2 द्वारा लेख किया गया था। प्रस्ताव में एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट एवं केएमएल फाईल अपलोड कर आपकी ओर प्रषित की गई है।

| क्रमांक | संशोधन विवरण | निराकरण |
|---|---|---|
| 01. | एफ. आर. ए. सर्टिफिकेट | कार्यालय कलेक्टर, कटनी से प्राप्त एफ. आर. ए. सर्टिफिकेट संलग्न कर आपकी ओर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है। |
| 02. | प्रस्तावित क्षेत्र के लिए केएमएल फ़ाइल को ठीक से चिह्नित नहीं किया गया है और यह प्रतीत होता है कि अधिक क्षेत्र को शामिल करने की आवश्यकता है। इस प्रकार सही केएमएल फ़ाइल प्रस्तुत की जाएगी। | केएमएल फ़ाइल को ठीक से चिह्नित कर आपकी ओर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है। |

लेख है कि मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु वन भूमि व्यपवर्तित न होने के कारण अवरोध हो रहा है। कृपया प्रस्ताव का परीक्षण कर MoEF को भेजने का कष्ट करे। विभाग वन विभाग द्वारा समस्त शर्तों का पालन करने के लिये वचनबद्ध है।

Khandelwal

कार्यपालन यंत्री
लो,नि.वि.रा.रा. संभाग जबलपुर

पृ. क्रं. तक/43 विस्तार जबलपुर दिनांक 16.06.2020

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग (रा. रा. मार्ग), भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध), भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग रा. रा. उपसंभाग जबलपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मेसर्स के एण्ड जे प्रोजेक्टस प्रा. लि. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर लेख है कि आप उक्त कार्यालय में उपस्थित होकर संबंधित प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करें।

–सही–
कार्यपालन यंत्री
लो,नि.वि.रा.रा. संभाग जबलपुर

N 787